2020/00185

FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 42/2020

प्रार्थी		अप्रार्थी
छवराराम	बनाम	सरकार

किस्म मुकदमा– अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21-1-20	राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 42/2020 अनवान छवराराम बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम पत्रावली पेश हुई । पत्रावली में उपलब्ध रेकर्ड एवं तथ्यों का अवलोकन व अध्ययन किया। तहसीलदार लूणी के पत्र कमांक/भू.अ./2019/3601 दिनांक 04.12.2019 के रिपोर्ट अनुसार ग्राम शेखानाड़ा के खसरा नम्बर 277 एवं ग्राम मोगडा कंला के खसरा नम्बर 294 में हसाराम, भंवराराम, सोहनराम पि. जसुराम वगैरा खातेदार दर्ज है। प्रस्तुत प्रकरण के उभय पक्ष को सुना गया तथा पूर्ण पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों यथा राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड, आधार कार्ड एवं पहचान पत्र एवं तहसीलदार लूणी द्वारा प्रेषित जांच रिपोर्ट से छवराराम एवं भंवराराम पुत्र जसुराम नाम के एक ही व्यक्ति होना प्रथमदृष्टया प्रकट हुआ है। प्रार्थी के पिता जसुराम के फौत होने पर दर्ज नामान्तरकरण संख्या 312 में प्रार्थी का नाम भंवराराम दर्ज हो गया था। जिसको प्रार्थी भंवराराम के स्थान पर छंवराराम राजस्व रेकर्ड में दर्ज करवाने का निवेदन किया। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू0राजस्व अधिकारियों 1956 के स्वीकार किया जाता है। कि प्रार्थी के ग्राम शेखानाड़ा के खसरा नम्बर 277 एवं ग्राम मोगडा कंला के खसरा नम्बर 294 दर्ज कृषि भूमि में प्रार्थी के हिस्से की भूमि से संबंधित समस्त राजस्व अभिलेखों में भंवराराम पुत्र जसुराम के स्थान पर भंवराराम उर्फ छंवराराम पुत्र जसुराम जाति नाई निवासी मोगडा कंला तहसील लूणी जिला जोधपुर तहसीलदार लूणी को रेकर्ड दुरूस्त करने के आदेश प्रदान किये जाते है। पत्रावली फैशल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी (जोधपुर) राज.	

Scanned by CamScanner